हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, रविवार, 19 अक्तूबर 2025




# नागपुर में दिसंबर से दौड़ेंगी ई-बसें

'ग्रीन सिटी' की ओर एक और कदम, पीएम ई-बस योजना के तहत पहली खेप में आएंगी 30 इलेक्ट्रिक बसें

**नागपुर.**

प्रधानमंत्री ई-बस योजना के अंतर्गत नागपुर शहर को मिलने वाली इलेक्ट्रिक बसें इस वर्ष दिसंबर से सड़कों पर दौड़ना शुरू कर देंगी। योजना के तहत कुल 150 बसें शहर को मिलनी हैं, जिनमें से पहली खेप में 30 बसें दिसंबर के पहले सप्ताह तक उपलब्ध हो जाएंगी।

**हरे रंग की होंगी बसें, 'ग्रीन सिटी' का प्रतीक :** जेएम ऑटो कंपनी द्वारा तैयार की जा रही 9 मीटर लंबी इन बसों के डिजाइन और रंग को अंतिम रूप दे दिया गया है। 'ग्रीन सिटी' मिशन को ध्यान में रखते हुए बसों को हरे रंग में रंगा गया है। जुलाई में मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने इन बसों का ट्रायल किया था, जिसके बाद दिल्ली में आयोजित बैठक में योजना को अंतिम स्वीकृति मिली।




**आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी**

ये पर्यावरण अनुकूल बसें अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें स्मार्ट टिकटिंग सिस्टम, जीपीएस ट्रैकिंग, पैनिक बटन, दिव्यांगों के लिए हाईलिफ्ट हैंड्रैम्प जैसी विशेष व्यवस्थाएं शामिल हैं। ये बसें एक बार चार्ज करने पर 75 से 125 किलोमीटर तक चल सकेंगी।

**चार्जिंग स्टेशन और प्रशिक्षण की तैयारी :** मनपा की ओर से बसों के लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से तैयार किया जा रहा है। साथ ही, ड्राइवरों और तकनीकी कर्मचारियों को ई-बस संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

**पीएम मोदी कर सकते हैं उद्घाटन**

संभावना जताई जा रही है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन ई-बसों की सेवा का उद्घाटन ऑनलाइन माध्यम से करेंगे। इसके साथ ही नागपुर उन गिने-चुने शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहां सार्वजनिक परिवहन को ग्रीन सिटी मिशन के तहत पूरी तरह इलेक्ट्रिक बनाया जा रहा है। यह पहल शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# समयसीमा के भीतर वार्डवार सूची तैयार करें: आयुक्त डॉ. चौधरी

मतदाता सूची तैयार करने के प्रशिक्षण में मनपा आयुक्त ने दिया मार्गदर्शन

**नागपुर.**

राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर वार्डवार विभाजन की सूचियां तैयार की जाएं। नागपुर मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने शनिवार को ऐसे निर्देश दिये। 2025 के आम चुनाव के लिए मनपा की मतदाता सूची के वार्डवार विभाजन पर शनिवार (दिनांक 18) को मनपा मुख्यालय स्थित डॉ. पंजाबराव देशमुख स्थायी समिति हॉल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त विजया बनकर, उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, अशोक गराटे, गणेश राठौड़, सहायक आयुक्त श्याम कापसे, राजकुमार मेश्राम, विजय थुल, नरेंद्र बावनकर, धनंजय जाधव, विकास रायबोले, हरीश राउत, प्रमोद वानखेड़े, नोडल अधिकारी सुनील उइके और मनपा के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



राज्य चुनाव आयोग ने नागपुर महानगरपालिका के आगामी आम चुनाव के लिए मतदाता सूची कार्यक्रम 2025 की घोषणा की है। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, अधिसूचित तिथि (1 जुलाई, 2025) को विधानसभा की मौजूदा मतदाता सूची से मनपा के आम चुनाव के लिए तैयार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 नवंबर को किया जाएगा और इस पर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। मतदान केंद्रों के स्थानों की सूची 4 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। उसके बाद, मतदान केंद्रवार मतदाता सूची 10 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इसके अनुसार, नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता सूची के वार्डवार विभाजन पर प्रशिक्षित किया गया। चुनाव से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते हुए, नगर आयुक्त ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर वार्डवार विभाजन सूचियां जल्द से जल्द तैयार की जानी चाहिए। सूची तैयार करते समय, अधिकारी समन्वय में काम करें, आवश्यक योजना बनाएं और सूची तैयार करने के लिए काम करें। इसके लिए, निरंतर समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही, कर्मचारियों को अपने वरिष्ठों से अपनी शंकाओं का समाधान करवाना चाहिए। यदि एक जोन के मतदाताओं के नाम दूसरे जोन में जा रहे हैं, तो अन्य जोन में चुनाव से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाए रखा जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो केंद्रीय टीम से मदद ली जानी चाहिए। मतदाता सूची को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ तैयार करने के लिए काम किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव के अनुभव वाले वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ अधिकारियों का उचित मार्गदर्शन करना चाहिए।

इसके साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान चेतावनी दी कि अपने कर्तव्यों से विमुख होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कंप्यूटर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपर आयुक्त विजया बनकर ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

# जिले में भारी बारिश से 87 हजार हेक्टेयर फसल बर्बाद

प्रशासन ने 114.64 करोड़ की क्षति रिपोर्ट सरकार को सौंपी

**नागपुर.**

सितंबर माह में हुई लगातार भारी बारिश ने नागपुर जिले के किसानों को करारा झटका दिया है। जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, करीब 87,169 हेक्टेयर क्षेत्र की खरीफ फसलें और बागायती उत्पादन पूरी तरह नष्ट हो गया है। इससे 1,03,871 किसान प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने 114 करोड़ 64 लाख रुपये की क्षति रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी है।

अतिवृष्टि का सबसे बड़ा असर संतरा, सोयाबीन और कपास की फसलों पर पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ संतरा और मौसंबी की बागवानी में 28,783 हेक्टेयर क्षेत्र का नुकसान हुआ है। वहीं खरीफ फसलों में सोयाबीन का नुकसान 8,094 हेक्टेयर, कपास का 9,079 हेक्टेयर, धान का 127 हेक्टेयर और अन्य फसलों का 58,092 हेक्टेयर आंका गया है। रिपोर्ट के अनुसार, नरखेड़ (13,148 हेक्टेयर), कलमेश्वर (6,042 हेक्टेयर), काटोल (7,848 हेक्टेयर) और सावनेर (10,413 हेक्टेयर) सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। प्रशासन ने बताया कि 37,027 किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हुईं, जबकि 22,500 किसानों को आंशिक नुकसान हुआ है।

जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से पंचनामा तैयार कर यह रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी है। प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। शासन ने राहत प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुए इसे मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृति हेतु अग्रेषित कर दिया है।

# ऑरेंज सिटी फोटोग्राफर्स क्लब ने दिवाली पर मनाई खुशियां

जीवन आश्रय सेवा संस्था व पंचवटी वृद्ध आश्रम में किया उत्सव

**नागपुर.**

ऑरेंज सिटी फोटोग्राफर्स क्लब ने दिवाली के पावन पर्व पर व्यक्ति, व्यवसाय, कला और सेवा के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जीवन आश्रय सेवा संस्था, नागपुर जलाराम प्रार्थना भवन तथा पंचवटी वृद्ध आश्रम में बच्चों और बुजुर्गों के साथ दीपावली उत्सव मनाया। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष नाना नायक, संयोजक चेतन जोशी, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत झाड़े, राजन गुप्ता, नव निर्वाचित अध्यक्ष महेश कालपांडे, सचिव नरेश नेरकर, कोषाध्यक्ष नितेश बाहे सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। पूर्व अध्यक्षों ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों और बुजुर्गों के साथ समय बिताने की खुशी जताई। अध्यक्ष महेश कालपांडे ने दिवाली के पांच दिनों के महत्व के बारे में बताया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।






जीवन आश्रय सेवा संस्था के विकास शेंडे ने संस्था की जरूरतों को समझाते हुए क्लब द्वारा दी गई जीवनोपयोगी वस्तुओं, अनाज एवं अन्य वस्तुओं के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब ने भविष्य में भी उनकी सहायता का आश्वासन दिया।

इस दौरान जलाराम सत्संग मंडल के अध्यक्ष अजय लखानी और सभापति नरेंद्र देवड़ा को दरिद्रनारायण भोजन की तीर्थ राशि भेंट स्वरूप दी गई। इसके साथ ही पंचवटी वृद्धाश्रम में वृद्ध महिलाओं के साथ सहभोजन का आनंद भी लिया गया। क्लब के सदस्यों धनजीभाई पटेल, प्राची और विशाल पोपट ने स्व. हसमुख सागलानी और स्व. मुकेश पोपट की स्मृति में योगदान दिया। इसके अलावा डॉ. मातरीश्रा व्यास, गजानन रानाडे, योगेश वाघेला, प्रवीण जैन, विनोद खापेकर, प्रदीप निकम, विनोद भागवत, शैलेंद्र पालंदूरकर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

संयोजक चेतन जोशी ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी दानदाताओं और क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया, वहीं कोषाध्यक्ष नितेश बाहे ने भी आभार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक मेलजोल का उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ।

# दीपावली पर पुलिस का अनोखा उपहार

नागपुर पुलिस ने लौटाई 87 लाख से अधिक की बरामद संपत्ति, 51 मूल मालिकों के चेहरे खिले

**नागपुर.** दीपावली पर्व के अवसर पर नागपुर शहर पुलिस ने "धनतेरस" के शुभ दिन पर नागरिकों को एक अनोखा उपहार दिया। पुलिस परिमंडल क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले वाडी, एम.आई.डी.सी., हिंगणा, बजाजनगर और सोनेगांव पुलिस थानों की टीमों ने अपराधों की जांच के दौरान तांत्रिक पद्धति और बुद्धिमत्ता से चोरी व लूट के कई प्रकरणों को सुलझाते हुए तक्रारदारों की कीमती वस्तुएं बरामद कीं। इन वस्तुओं में दोपहिया वाहन, सोने-चांदी के गहने, मोबाइल फोन, नकदी और अन्य कीमती सामान शामिल थे। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 87,69,100/- आंकी गई। शनिवार, को आयोजित विशेष समारोह में, नागपुर शहर के पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल के हाथों गोल्डन लीफ सेलिब्रेशन हॉल (त्रिमूर्ति नगर चौक, राणा प्रतापनगर क्षेत्र) में बरामद संपत्ति उनके 51 मूल मालिकों को सौंप दी गई। संपत्ति वापस पाकर तक्रारदारों के चेहरों पर संतोष और खुशी झलक उठी। सभी उपस्थित नागरिकों ने नागपुर पुलिस और पुलिस आयुक्त का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सह पुलिस नविनचंद्र रेड्डी, शिवाजीराव राठोड़ (दक्षिण प्रादेशिक विभाग), सिंगा रेड्डी ऋषिकेश रेड्डी (पुलिस उपायुक्त, परिमंडल 1), सतीशकुमार गुरव, अशोक शेलके (सह पुलिस आयुक्त – सोनेगांव व एम.आई.डी.सी. विभाग) तथा परिमंडल 1 के सभी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, तक्रारदार और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# छगन भुजबल समाज के 'पितातुल्य', सार्वजनिक अपमान न करें

> तायवाड़े ने की वडेट्टीवार पर दिये बयान की निंदा

**नागपुर.**

राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ प्रमुख बबनराव तायवाड़े ने मंत्री छगन भुजबल द्वारा कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार को लेकर की गई टिप्पणी की निंदा की है। शनिवार को नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए तायवाड़े ने कहा, "भुजबल समुदाय के बड़े नेता हैं। एक तरह से वे पिता की भूमिका में हैं। इसलिए, किसी ओबीसी नेता का किसी नेता की पिछली गलतियों को पब्लिक मीटिंग में वीडियो में सामने लाना ठीक नहीं है, भुजबल को ऐसा नहीं करना चाहिए था।"

बबनराव तायवाड़े ने कहा क, " बीड में महा एल्गार मीटिंग में मनोज जरांगे पाटिल के साथ वडेट्टीवार का एक पुराना वीडियो सबको दिखाया गया था। उस वीडियो में वडेट्टीवार ने मराठों को ओबीसी से रिज़र्वेशन दिए जाने की मांग का सपोर्ट किया था। वडेट्टीवार का बयान भी गलत था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उस गलती को बार-बार सामने लाया जाए।" बबनराव तायवाड़े ने कहा कि, "वडेट्टीवार ने नागपुर में इतना बड़ा ओबीसी मार्च निकाला। यह नहीं भुलाया जा सकता कि उनके बिना विदर्भ में किसकी इतनी ताकत है। भुजबल सीनियर नेता हैं, इसलिए उन्हें वडेट्टीवार को अकेले में बुलाकर गलती बतानी चाहिए थी, न की सार्वजनिक तौर पर वीडियो दिखाकर इस तरह से करना चाहिए था।"

बबनराव तायवाड़े ने अपने पुराने बयान को दोहराते हुए कहा कि 2 सितंबर के जीआर से ओबीसी के रिजर्वेशन पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ेगा। मैं अब भी अपनी राय पर कायम हूं। 2 सितंबर से अब तक सिर्फ 27 लोगों को कुनबी सर्टिफिकेट मिला है। जीआर में ऐसा कोई प्रोविजन नहीं है कि जिनके पास प्रूफ नहीं है, उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाए। नहीं तो मराठा कम्युनिटी 8 जिलों में सर्टिफिकेट लेने के लिए लाइन में लगी होती। इससे साफ है कि सरकार के जीआर से ओबीसी रिजर्वेशन पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ा है। हमारे ओबीसी नेताओं में कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं। लेकिन कोई मतभेद नहीं है। भविष्य में हम ओबीसी के फायदे के लिए एक प्लेटफॉर्म पर जरूर आएंगे।"

# अवैध हुक्का पार्लर पर छापा, 31 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** नागपुर पुलिस आयुक्त रविन्द्रकुमार सिंगल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन थंडर' अभियान के तहत अंबाझरी पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शनिवार देर रात 12:40 से 1:35 बजे के बीच, पुलिस को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर अंबाझरी थाने की टीम ने रामनगर चौक स्थित तमाशा कैफे में छापा मारा। पुलिस ने मौके पर कैफे के मालिक हेमंत राजकुमार गुरुबक्षानी (36, निवासी एल.ए.डी. चौक) और मैनेजर अमित प्रकाश गोतमारे (21, निवासी तेलकामठी, तहसील कलमेश्वर, को गिरफ्तार किया। इन दोनों के साथ 29 महिला व पुरुष ग्राहक भी हुक्का पीते हुए पकड़े गए। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने आर्थिक लाभ के लिए अवैध रूप से हुक्का पार्लर चला रहे थे।

# एनआईटी ट्रस्टी के पद पर सुलभा खोडके की सिफारिश

शहर एनसीपी नेताओं ने जताई नाराजगी

**नागपुर.**

अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अमरावती एमएलए सुलभा खोडके को नागपुर सुधार प्रन्यास का ट्रस्टी बनाने की सिफारिश की है। इस बात से नागपुर जिले में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी में बहुत नाराज़गी है। पूछा जा रहा है कि क्या नागपुर जिले में एक भी काबिल पदाधिकारी नहीं है। हालांकि, यह दावा किया जा रहा है कि सुलभा खोडके को कानून के दायरे में नागपुर रिफॉर्म्स ट्रस्ट में नियुक्त नहीं किया जा सकता है, और अगर बाद में उनकी नियुक्ति होती भी है, तो यह गैर-कानूनी होगा।




नागपुर जिले के विकास के लिए नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बनाया गया है। इसके लिए एक बोर्ड ऑफ़ ट्रस्टीज़ बनाया गया है। इस बोर्ड के एक्स-ऑफिशियो ट्रस्टीज़ में नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन, नागपुर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर, म्युनिसिपल कमिश्नर, अर्बन प्लानिंग के डिप्टी डायरेक्टर, एक कॉर्पोरेटर और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन शामिल हैं। इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के एक्ट में कुल 10 ट्रस्टीज़ बनाने का नियम है, जिनमें से एक एमएलए और दो सोशल सेक्टर से होंगे। बीजेपी एमएलए कृष्णा खोपड़े को पहले ही विधानसभा का सदस्य बनाया जा चुका है। इस वजह से एमएलए का कोटा खत्म हो गया है। सोशल सेक्टर से शिवसेना के संदीप इटकेलवार पहले से ही यहां हैं। एक सीट खाली है। यह नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के लिए है। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी को तय करना है कि इस सीट पर किसे नियुक्त करना है। चूंकि इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट नागपुर डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी है, इसलिए नागपुर जिले के अंदर से ही इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट में ट्रस्टी नियुक्त किया जा सकता है। यह नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट एक्ट में साफ तौर पर लिखा है। इसे देखते हुए यह दावा किया जा रहा है कि अमरावती एमएलए सुलभा खोडके की नियुक्ति गैर-कानूनी थी।

एनसीपी की तरफ से लेजिस्लेटिव सेक्रेटरी को लिखे लेटर में सुलभा खोडके को एमएलए बनाने की सिफारिश की गई है। महायुति के ढाई साल के दौरान एनसीपी ने नागपुर के डेवलपमेंट के लिए ज़रूरी माने जाने वाले इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टी का पद खाली रखा था। उस समय कई नाम चर्चा में थे। कई लोगों से कहा गया कि आपके नाम का लेटर तैयार है। असल में, ढाई साल के कार्यकाल में यह लेटर कभी निकला ही नहीं। राज्य में फिर से महायुति की सरकार है। एनसीपी ने एक साल से यह पद खाली रखा है। बीजेपी और शिवसेना ने तुरंत अपॉइंटमेंट करके इसे खाली कर दिया है।

# नागपुर शहर के फूल बाजार में खरीददारों की लगी भीड़

> गेंदा और कमल की रिकॉर्डतोड़ मांग

**नागपुर.**

नागपुर में दीपावली की रौनक और खरीदारी का जोश चरम पर है, जिसकी एक जीवंत तस्वीर आज सुबह से ही नेताजी फूल मार्केट में देखने को मिली है। इस प्रतिष्ठित बाजार में फूलों के थोक और खुदरा व्यापार के लिए भारी भीड़ उमड़ी है। विशेष रूप से पूजन और गृह-सज्जा के लिए आवश्यक गेंदे , शेवंती और कमल जैसे पारंपरिक पुष्पों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। दीपावली का पावन पर्व पूरे राज्य में अपनी भव्यता और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर, नागपुर और समूचे विदर्भ क्षेत्र में खरीदारी और सजावट का ज़बरदस्त माहौल है। पर्व की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, नागपुर के सबसे बड़े थोक बाजार, नेताजी फूल मार्केट, में आज सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ जमा हो गई है।

मार्केट इस समय खरीदारों के हुजूम से भरा हुआ है, जहाँ नागपुर और आस-पास के क्षेत्रों से आए लोगों की मौजूदगी के कारण पैर रखने की भी जगह नहीं है। सजावट और पूजन सामग्री में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक पुष्पों की मांग चरम पर है। विशेष रूप से प्रवेश द्वार पर लगाए जाने वाले तोरणों और मालाओं के लिए गेंदे और शेवंती के फूलों की माँग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गेंदे के फूलों के बढ़े हुए दामों के बावजूद, ग्राहकों का खरीदारी का उत्साह बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, गुलाब, अष्टार, कामिनी और पवित्र कमल के फूलों की भी भारी मांग है। यह अत्यधिक मांग नागपुर जिले के फूल उत्पादक किसानों के लिए विशेष रूप से लाभदायक सिद्ध हुई है। थोक बाजार में फूलों को बेहतरीन कीमतें मिल रही हैं, जिससे इस वर्ष दीपावली के अवसर पर किसानों की आय में संतोषजनक वृद्धि हुई है।



# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले को 7 साल की सजा

> केंद्रीय अधिकारी होने का दिया था झांसा

**नागपुर.** आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़े घोटाले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को न्यायालय में दोषी ठहराया है। आरोपियों ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय में अधिकारी होने का दिखावा कर निवेशकों को ठगा और करोड़ों रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया कि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) निवासी अनिरुद्ध आनंदकुमार होशींग ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के 'जनरल डायरेक्टर' होने का दावा कर कई निवेशकों को फर्जी पत्रिका दिखाकर निवेश के लिए मजबूर किया। इस योजना में बॉलीवुड कलाकारों और राज्य के वरिष्ठ नेताओं के नामों का भी गलत इस्तेमाल किया गया। इस धोखाधड़ी के दौरान निवेशकों ने कुल 3 करोड़ 29 लाख 84 हजार 599 रुपये निवेश किए, लेकिन उन्हें कोई आर्थिक लाभ नहीं मिला। जांच के दौरान यह भी पता चला कि मीरा प्रकाश फडणीस ने जानबूझकर निवेशकों को गुमराह किया। अनिरुद्ध होशींग, आरीफ अशरफ खान और मीरा फडणीस को गिरफ्तार किया। विशेष एमपीआईडी न्यायालय, नागपुर में मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने अनिरुद्ध होशींग और मीरा फडणीस को 7 साल की कड़ी सजा सुनाई। इस केस में आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस अधिकारी रिजवान शेख और सतिश गोडसे ने मुख्य भूमिका निभाई, जबकि सहायक सरकारी अभियोजक अभय जिकार और अडवोकेट मनीषा कुलकर्णी ने अभियोजन पक्ष को मजबूती से पेश किया।



# वाड़ी नगर परिषद चुनाव से पहले मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

## > कांग्रेस ने कि बड़े घोटाले का दावा — महाविकास आघाड़ी मिलकर लड़ेगी चुनाव

**वाड़ी.**

वाड़ी नगर परिषद के आगामी सार्वत्रिक चुनाव 2025 से पहले स्थानीय राजनीति में बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। वाडी शहर कांग्रेस कमिटी ने शनिवार को आयोजित पत्रकार परिषद में प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर परिषद की प्रारूप मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा किया गया है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने दावा किया कि जारी की गई मतदाता सूची में हजारों त्रुटियां, दोहराव और नियम विरुद्ध नाम जोड़े जाने की घटनाएं सामने आई हैं। अब तक करीब 20,000 से अधिक आपत्तियां इस सूची पर दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं 4,500 से ज्यादा डुप्लीकेट वोट और एक ही व्यक्ति के नाम अलग-अलग ठिकानों पर दर्ज पाए गए हैं।





कांग्रेस ने उदाहरण देकर बताया कि खोब्रागड़े तृप्ति प्रमोद का नाम चार अलग-अलग सोसायटियों — न्यू मंगलधाम, रामकृष्ण, हरिओम और गजानन सोसायटी में दर्ज है। इसी तरह खोडे कोमल मंगेश का नाम कोहळे लेआउट, सत्यसाई बाबा, स्मृति लेआउट और नवी मंगलधाम में पाया गया। यानी एक ही व्यक्ति को तीन-चार जगह से वोट देने का अवसर दिया गया है, जो कांग्रेस के अनुसार "लोकतंत्र की जड़ हिलाने वाला अपराध" है।

कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर यह फर्जी और त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची तुरंत रद्द कर सुधारित रूप में प्रकाशित नहीं की गई, तो पार्टी और उसके सहयोगी दल तीव्र आंदोलन शुरू करेंगे।

पत्रकार परिषद में कांग्रेस ने यह भी ऐलान किया कि वाडी नगर परिषद चुनाव 2025 महाविकास आघाड़ी के रूप में लड़ा जाएगा, जिसमें कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गट) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गट) एकजुट होकर मैदान में उतरेंगे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष अश्विन बैस ने कहा — "मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है। इसमें गड़बड़ी करना मतदाताओं के अधिकारों पर सीधा हमला है। प्रशासन ने अगर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। इस पत्रकार परिषद में जिलाध्यक्ष अश्विन बैस, वाडी शहर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश थोराने, तालुकाध्यक्ष प्रकाश कोकाटे, महासचिव दुर्योधन ढोणे, एड. प्रकाश राऊत, अनिल पाटील, किशोर नागपूरकर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने उपजिला रुग्णालय का किया निरिक्षण

**कामठी.**

समाजवादी पार्टी कामठी शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उप जिल्हा रूग्णालय , कामठी का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का निरिक्षण किया। इस दौरान पार्टी प्रतिनिधियों ने वहाँ उपस्थित इंचार्ज मेड़म डॉ. निशात शेख़ से मुलाकात की और परिसर में पाई जा रही असुविधाओं से उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने माँग की कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ, स्वच्छ वातावरण और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। पार्टी ने स्पष्ट कहा कि जनता को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएँ मिलना उनका अधिकार है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



समाजवादी पार्टी ने प्रशासन से आग्रह किया कि अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की पूर्ति और स्टाफ की उचित व्यवस्था शीघ्र की जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तसनीम फ़ैसल व प्रदेश उपाध्यक्ष वक़ार अहमद, कामठी तालुका अध्यक्ष नितिन सहारे, कामठी शहर अध्यक्ष तनवीर शोहरत, वरिष्ठ नेता सूफ़ी अज़हर आज़मी, सैयद तारिक़, ज़िला उपाध्यक्ष ग़ुलाम नज़र, फ़रदीन मलिक, युवक अध्यक्ष मोहम्मद कामिल, मोहम्मद वसील, मोहम्मद आमिर, मोहसिन अली, मोहम्मद अदनान, उस्मान गनी, इलयास अख़्तर, मुजम्मिल रज़ा, मुश्ताक़ अहमद, दीपक रमेश, मोहम्मद रिज़वान आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर 'निंदनीय हमले' के खिलाफ आज अहम बैठक

**कामठी.**

देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर एडवोकेट राकेश किशोर तिवारी द्वारा किए गए 'निंदनीय और भ्याड' हमले के विरोध में नागपुर जिले की कामठी नगर विकास कृती समिति ने हमलावर के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है। न्यायपालिका की गरिमा और देश की लोकतांत्रिक नींव को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से, इस गंभीर विषय पर सामूहिक राय बनाने और आगे की रणनीति तय करने के लिए यह बैठक आज, रविवार, 19 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे संत कबीर वाचनालय, जयस्तंभ चौक, कामठी में रखी गई है। समिति के संयोजक सुगत रामटेके ने सभी 'देशप्रेमी मान्यवरों' से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की 'दहशतवादी विचारधारे' का मुकाबला करना और इस पर रोक लगाने के उपायों पर चर्चा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

# इशरत सिद्दीकी कांग्रेस की महिला शहर अध्यक्ष

**कामठी/नागपुर.**



कांग्रेस पार्टी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिला कांग्रेस महिला महासचिव इशरत खान को कामठी शहर महिला अध्यक्ष पद की नई और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उनकी यह नियुक्ति कामठी मौदा विधानसभा के नेता, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर के हाथों एवं ज़िला परिषद पूर्व सदस्य, येरखेड़ा ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच सरिता रंगारी की प्रमुख उपस्थिति में हुई।

इस नई नियुक्ति से उत्साहित इशरत खान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह निष्ठापूर्वक और पूरी लगन से न्याय देने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाकर महिला विंग को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी। अपनी नियुक्ति पर, इशरत खान ने पूर्व मंत्री सुनील केदार, रामटेक लोकसभा के सांसद श्यामकुमार बर्वे, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्षा संध्या सव्वलाखे, और जिला महिला अध्यक्षा कु. कुंदा राऊत का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इन सभी नेताओं के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। कामठी शहर में इशरत खान की नियुक्ति को कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई में एक नया जोश भरने और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# शाहिरों के सम्मेलन में चरणसिंह ठाकुर ने दिया समर्थन का आश्वासन

**कामठी/काटोल.**

भारतीय कलाकार शाहीर मंडल (ऑल इंडिया) की ओर से हाल ही में पारडसिंगा स्थित सती अनुसया मंदिर में शाहीर कलाकारों का एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के अध्यक्ष और उद्घाटक आमदार चरणसिंग ठाकुर थे, जिन्होंने शाहीर कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि "मैं कलाकारों के साथ खड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा," उन्होंने शाहीर कलाकारों की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें शाहीर राजेंद्र बावनकुले, दिनेश ठाकरे, सरोदे, देविदास कठाने गुरुजी, संदीप सरोदे, सतीश रेवतकर, प्रवीण लोहे, मनोज बैस, चंद्रशेखर अरगुलेवार, सौ योगिता नंदनवार, सौ कल्पना बांगडकर, और सौ अरुणा राजेंद्र बावनकुले शामिल थे। कार्यक्रम के प्रास्ताविक में शाहीर राजेंद्र बावनकुले ने मंडल की स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वह शाहीर कलाकारों की सरकारी मांगों के लिए नियमित रूप से प्रयास कर रहे हैं और उन्हें न्याय दिलाकर रहेंगे। मानधन समिति सदस्य देविदास कठाने गुरुजी ने बताया कि विधायक चरणसिंग ठाकुर ने उन्हें नरखेड और काटोल तालुका के कलाकारों को न्याय दिलाने के लिए समिति में भेजा है। उन्होंने कलाकारों की मांगों को सरकार के सामने मजबूती से रखने का आश्वासन दिया। वहीं, दिनेश ठाकरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के समय से चली आ रही कलाकारों की मानधन राशि बढ़ाने की मांग की और सरकार से कलाकारों की समस्याओं को जल्द दूर करने का आग्रह किया। तेजस संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार ने उपस्थित कलाकारों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर, विधायक चरणसिंग ठाकुर के हाथों कई कलाकारों का शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में विनायक नागमोते, प्रकाश वंजारी, सुभाष देशमुख, संजय काले, सुनील बोंद्रे, नरेंद्र दंडारे, गोपाल भुरसे, जितेंद्र शेटीये, रामनाथ गोरे, गजानन वडे, प्रभाकर भोयर, सौ वंदना वंजारी, सौ सोनाली बोंद्रे, सौ अरुणा राजेंद्र बावनकुले, सौ कल्पना बांगडकर, और सौ जयश्री भुरसे शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय काले महाराज ने किया, और काटोल तालुका अध्यक्ष प्रकाश वंजारी महाराज ने आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में भास्कर भनारे, गणेश बांगडकर, और दिनेश मानकर ने विशेष योगदान दिया।




## शासकीय पेंशनधारकों को 1 नवंबर से जमा करना होगा जीवन प्रमाणपत्र

गढ़चिरोली. महाराष्ट्र शासन के सेवानिवृत्त पेंशनधारकों एवं परिवार पेंशनधारकों को प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपना जीवन प्रमाणपत्र (हयात प्रमाणपत्र) जमा करना आवश्यक है। इस प्रक्रिया की शुरुआत 1 नवंबर 2025 से होगी, ऐसा गढ़चिरोली जिला कोषागार कार्यालय ने सूचित किया है। जिले के सभी पेंशनधारकों से अपील की गई है कि वे जिस बैंक से पेंशन या पारिवारिक पेंशन प्राप्त करते हैं, उसी बैंक में जाकर जीवन प्रमाणपत्र भरें। जिला कोषागार कार्यालय ने संबंधित बैंकों को पेंशनधारकों की सूची प्रदान की है। पेंशनधारक अपने नाम के समोर अंगूठे का निशान या हस्ताक्षर करके अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। इसके साथ ही, पेंशनधारकों से यह भी कहा गया है कि वे सूची में दर्ज अपने आधार नंबर, पैन नंबर और मोबाइल नंबर की जांच करें और यदि आवश्यक हो तो उसमें सुधार करवाएँ। यह जानकारी अप्पर कोषागार अधिकारी ने दी है।

# मेयो हॉस्पिटल में 5.65 लाख की इलेक्ट्रिक वायर चोरी का खुलासा

## > पूर्व सुपरवाइजर समेत चार गिरफ्तार

**नागपुर.**

मेयो हॉस्पिटल की एडमिन बिल्डिंग में चल रहे निर्माण कार्य से लगभग साढ़े पांच लाख रुपये मूल्य की विद्युत तारों की चोरी का मामला सामने आया है। तहसील पुलिस ने इस मामले में एक पूर्व सुपरवाइजर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी का सारा माल बरामद किया है। फरियादी सौरभ लिखारे की कंपनी का मेयो हॉस्पिटल के एडमिन बिल्डिंग में विद्युत उपकरण फिटिंग का काम चल रहा था। 1 सितंबर को जब स्टोर्स एक्जीक्यूटिव ने स्टोर का निरीक्षण किया, तो पाया कि गोदाम से काफी मात्रा में विद्युत तारें गायब हैं। तुरंत दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक, 25 अगस्त से 1 सितंबर के बीच किसी अज्ञात चोर ने 6 एमएम के 32 बंडल, 4 एमएम के 28 बंडल और




2.5 एमएम के 2 बंडल कॉपर वायर चुराई थीं, जिनका कुल मूल्य लगभग 5,65,280 रुपये है।

**सीसीटीवी फुटेज और जांच ने खोला राज**

मामले की गहन जांच के दौरान तहसील पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला। कुछ सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों को चोरी का माल एक कार में ले जाते देखा गया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने पूर्व सुपरवाइजर सतीश लक्ष्मण बिसेन (30) को पकड़ा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि करीब तीन महीने पहले कंपनी छोड़ चुके सतीश ने ही इस चोरी की योजना बनाई थी। उसने अपने दोस्त हंसराज पारसलाल फुल्लारे (36) और एक कैब ड्राइवर निखिल सुनिल उमरे (30) का साथ लिया। चोरी के बाद सारा माल उन्होंने एमआईडीसी इलाके के कबाड़ी जहान अली उर्फ बबलू खान (36) को बेच दिया था। पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उन्होंने आर्थिक लाभ के लिए यह चोरी करना कबूला है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के सारे कॉपर वायर के बंडल, चोरी में इस्तेमाल की गई कार (एमएच-01 सीजे-2679) और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बरामद माल का कुल मूल्य लगभग 7,19,400 रुपये आंका गया है।

# गणेशपेठ में पिता-पुत्र विवाद में गंभीर चोट

**नागपुर.**

पिता द्वारा बाइक सुधारने के पैसे न देने पर एक युवक ने इतना भयंकर उपद्रव किया कि उसने अपने ही पिता का सिर पत्थर से फोड़ दिया। यह आपराधिक घटना गणेशपेठ क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, गणेशपेठ निवासी 65 वर्षीय अमर कुंभलकर के बेटे जगदीश ने अपनी बाइक का हेंडल सुधारने के लिए पिता से पैसे मांगे। जब कुंभलकर ने अपने पास रुपए नहीं होने की बात कही तो जगदीश आगबबूला हो गया। आरोपी जगदीश ने पिता को गालियां देते हुए घर के बाहर पड़ा एक पत्थर उठाया और सीधे उनके सिर पर जमकर वार किया। इस हमले में बुजुर्ग पिता का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना मिलते ही गणेशपेठ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगदीश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घायल पिता का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा एआई टेक्नोलॉजीज पर आयकर विभाग का छापा

**नागपुर.**

कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में आयकर विभाग ने रायसोनी समूह की सहायक कंपनी श्रद्धा एआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड पर दूसरे दिन भी छापेमारी जारी रखी। मंगलवार सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। कंपनी के प्रवर्तक सुनील ज्ञानचंद रायसोनी हैं और यह कंपनी बॉम्बे तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। आयकर विभाग की मुंबई टीम इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रही है, जिसमें नागपुर कार्यालय के अधिकारियों की सहायता ली जा रही है।

# वैकुंठ चतुर्दशी पर रामटेक में 4 नवंबर को भव्य शोभायात्रा

## > महाभारत के 'युधिष्ठिर' गजेंद्र चव्हाण होंगे मुख्य आकर्षण

**रामटेक.**

वैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर 4 नवंबर को रामटेक शहर में पारंपरिक और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस बार महाभारत में युधिष्ठिर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता गजेंद्र चव्हाण मुख्य आकर्षण होंगे।





अगस्ती आश्रम के ब्रह्मलीन संत और भारतीय जनसेवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष गोपाल बाबा की प्रेरणा से यह शोभायात्रा 43 वर्ष पहले शुरू हुई थी। इस वर्ष इसका 44वां वर्ष मनाया जा रहा है। शोभायात्रा की तैयारियों के लिए रामालेश्वर मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मंडल के अध्यक्ष चंद्रपाल चौकसे, सचिव व पूर्व विधायक डी. मल्लिकार्जुन रेड्डी, उपाध्यक्ष चंद्रकांत ठक्कर, सहसचिव सुभाष बघेले, धनराज काठोके, अशोक पटेल, शेखर बघेले, नत्थू घरजाळे, विनायक डांगरे, ऋषि किंमतकर समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए शोभायात्रा समिति का गठन किया गया है। पत्रकार त्रिलोक मेहर समिति के अध्यक्ष चुनें गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष गोपी कोल्हेपरा, कोषाध्यक्ष ऋषि किंमतकर, सचिव अजय खेडगरकर, सहसचिव मोनू रघुवंशी, झांकी संचालन समिति प्रमुख रीतेश शर्मा, निधि संकलन समिति प्रमुख निर्भय घाटोले, ध्वनिक्षेपण समिति संजय मुलमुले, पूजा समिति अध्यक्ष हुकुमचंद बडवाईक, प्रचार प्रसार समिति नत्थू घरजाले व पत्रकार संघ, मंच व्यवस्था सुभाष बघेले, भोजन व्यवस्था शेखर बघेले, द्वार सजावट समिति धनराज काठोके व राजाराम देशमुख, झांकी निरीक्षण समिति अॅड. संजय खंडेलवाल, अनिल भोरसले और दयानंद रेवतकर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धार्मिक और सांस्कृतिक रंग से सजी यह शोभायात्रा पारंपरिक उत्साह और अनुशासन के साथ निकलेगी। समिति ने नागरिकों से तन-मन-धन से सहयोग करने का आवाहन किया है।

# दारू के नशे में घंटा गाड़ी चलाने वाले चालक पर मामला दर्ज...

**गढ़चिरोली.**

शहर की सफाई व्यवस्था संभालने वाली गढ़चिरोली नगर परिषद खुद ही अब शहरवासियों की असुरक्षा का कारण बनती जा रही है। नगर परिषद की लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना रवैये का ताजा उदाहरण शुक्रवार को सामने आया, जब शहर की कचरा उठाने वाली घंटा गाड़ी का चालक शराब के नशे में बेधड़क वाहन चलाता हुआ पकड़ा गया। शुक्रवार दोपहर को रानी दुर्गावती स्कूल के सामने नगर परिषद की घंटा गाड़ी क्रमांक 1 तेज रफ्तार में डगमगाती नजर आई। स्थानीय लोगों को जब शक हुआ कि चालक नशे में है, तो उन्होंने गाड़ी रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने उलटे गाड़ी लोगों की तरफ मोड़ दी, जिससे वहां कुछ समय के लिए अफरातफरी मच गई। नागरिकों ने शोर मचाकर किसी तरह गाड़ी रुकवाई और चालक को शिवपार्वती मंगल कार्यालय के पास रोक लिया। घटना की जानकारी पुलिस उपविभागीय अधिकारी सूरज जगताप को दी गई। जानकारी मिलते ही




ट्रैफिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले जाया गया। जांच में सामने आया कि चालक संदीप सडमाके शराब के नशे में धुत था। उसने पहले फुले वार्ड इलाके से शराब खरीदी और उसके बाद घंटा गाड़ी को तेज रफ्तार में चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डाली। पुलिस ने उसके खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और वाहन को जब्त कर लिया है। इस घटना से नगर परिषद की लापरवाही फिर उजागर हुई है। बताया जा रहा है कि शहर में चलने वाली सभी घंटा गाड़ियां बिना परिवहन विभाग में पंजीकरण के ही चल रही हैं। छह महीने पहले ही ट्रैफिक पुलिस ने इंदिरा गांधी चौक पर चार ऐसी गाड़ियां पकड़कर नगर परिषद के स्वास्थ्य अधिकारी को गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करने का मौखिक आदेश दिया था। लेकिन नगर परिषद ने अब तक एक भी गाड़ी पंजीकृत नहीं कराई। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपये की टेंडर निकालने के बावजूद हर वार्ड में कचरे के ढेर नजर आते हैं। अब नशे में धुत चालक और बिना नंबर की गाड़ियां चलने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

**स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा:** "नगर परिषद का पूरा कामकाज बेफिक्री से चल रहा है। कोई निगरानी नहीं, कोई जिम्मेदारी नहीं। अब तो ड्राइवर शराब पीकर गाड़ी चला रहे हैं, इससे बड़ी लापरवाही क्या होगी? जिल्हा प्रशासन से मांग की जा रही है कि नगर परिषद के अधिकारियों से जवाब-तलब कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।नगर परिषद के खिलाफ पहले से ही कई शिकायतें दर्ज हैं, लेकिन ठोस कदम न उठाने के कारण नागरिकों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। अब देखना यह होगा कि इस घटना के बाद प्रशासन नींद से जागता है या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबा रह जाएगा।

# चार गांवों में बस स्टॉप निर्माण का भूमिपूजन

## > ग्रामीण यात्रियों को मिली बड़ी सौगात, विधायक चरणसिंह ठाकुर के प्रयासों से शुरू हुआ कार्य

**बाजारगांव/कोंढाली.**

ग्रामीण अंचल के यात्रियों, विद्यार्थियों और कार्यरत महिलाओं के लिए अब एक बड़ी राहत की शुरुआत हो गई है। नागपुर सुधार प्रन्यास के अंतर्गत बाजारगांव सर्कल के चार ग्राम — शिवा, धामना, पेठ और व्याहाड — में आधुनिक एवं सुरक्षित बस स्टॉप (प्रवासी निवारे) निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को विधायक चरणसिंह ठाकूर के करकमलों से संपन्न हुआ।

इन गाँवों में अब तक बस थांबे न होने के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों और महिलाओं को धूप, बारिश व ठंड में सड़क किनारे बस का इंतज़ार करना पड़ता था। इस असुविधा को देखते हुए विधायक ठाकूर ने यात्रियों की सुविधा के लिए ठोस कदम उठाते हुए सुरक्षित, सुसज्ज और आधुनिक बस स्टॉप निर्माण की पहल की। भूमिपूजन समारोह में समन्वय समिति अध्यक्ष दिनेश ठाकरे, कार्यकारी अभियंता दीपक आघाव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ठाकूर ने कहा "राष्ट्रीय महामार्ग के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सुलभ व सुरक्षित बनाना हमारा उद्देश्य है। बस थांबों में यात्रियों के लिए छाया, निवारा और समय-सारिणी की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसका लाभ विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को मिलेगा।" यह परियोजना नागपुर सुधार प्रन्यास और विधायक ठाकूर के संयुक्त प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। इससे ग्रामीण यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित होगी, साथ ही सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक संगठित रूप मिलेगा।




कार्यक्रम के दौरान गांवों में उत्साह और सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर मालवी, चंद्रशेखर चिखले, सतीश रेवतकर, मुरलीधर रोकडे, संदीप सरोदे, प्रवीण अडकीणे, राकेश कोठाडे, संघपाल बागडे, वैभव राऊत, निखिल जयस्वाल, सरपंचा सुनंदाताई रोकडे, उपसरपंच राजेंद्र भोयर सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

ग्रामीण विकास की दिशा में एक और कदम बस स्टॉप निर्माण से विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों, किसान वर्ग और महिला यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अब उन्हें सुरक्षित व व्यवस्थित छाया में बस का इंतजार करने की सुविधा मिलेगी। यह परियोजना ग्रामीण स्तर पर बेहतर जनसुविधा और उन्नत यातायात व्यवस्था की दिशा में उठाया गया एक सराहनीय कदम है।

CMYK

# किसानों की न्याय की माँग पर वर्धा में महाविकास आघाड़ी का आंदोलन

## सांसद अमर काले के नेतृत्व में होगा धरना प्रदर्शन, भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

**वर्धा.**

किसानों की समस्याओं और उनकी न्यायसंगत माँगों को लेकर वर्धा में एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार पार्टी की ओर से सांसद अमर काले के नेतृत्व में महाविकास अघाड़ी द्वारा 21 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने महात्मा गांधी पुतला परिसर में धरना आंदोलन आयोजित किया जाएगा। किसानों के हित में यह आंदोलन सरकार तक उनकी पीड़ा पहुँचाने का प्रयास है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किसानों के कर्ज माफ करने का वादा किया था, लेकिन अब तक उस पर कोई अमल नहीं हुआ है। वहीं, हाल ही में वर्धा जिले में हुई भारी बारिश से फसलों को गंभीर नुकसान हुआ है, परंतु किसानों को अभी तक सरकारी सहायता राशि नहीं मिली है। अमर काले ने आरोप लगाया कि “सरकार किसानों को राहत देने के बजाय इस दिवाली उनके घरों में अंधेरा लाने का काम कर रही है।”

इस धरना आंदोलन में महाविकास अघाड़ी की ओर से कई प्रमुख माँगें उठाई जाएँगी किसानों के लिए पूर्ण कर्जमाफी, सूखा राहत पैकेज में वृद्धि, जंगली सूअरों द्वारा फसलों को हुए नुकसान की भरपाई में सहायता बढ़ाना, सौर पंपों के अनिवार्य उपयोग की शर्त समाप्त करना और किसानों को विकल्प चुनने का अधिकार देना, तथा सरकारी ठेकेदारों के लंबित भुगतानों का तत्काल निपटारा करना। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता और महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के नेता शामिल होंगे। धरने के माध्यम से आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि किसानों की माँगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# मतदाता सूची से नाम गायब होने का मामला

## चुनाव अधिकारी ने कहा - तकनीकी दिक्कतों के कारण नहीं अपलोड हो पाई सूची

**अमरावती.**

अमरावती जिले की अंजनगांव सुरजी तहसील में कई गाँवों के नाम मतदाता सूची से गायब होने का एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। 20 गाँवों के 8,000 मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची में न होने से हड़कंप मच गया है। इस संबंध में ज़िला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश्वर घ्यार ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण ये सूचियाँ चुनाव विभाग की वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो पाईं। जिस दिन ये सूचियाँ प्रकाशित हुईं, उसी दिन तहसीलदार और ज़िला कलेक्टर को इसकी जानकारी हो गई थी। जो सूचियाँ गायब हैं। हम एक कंट्रोल चार्ट तैयार करके उन्हें फिर से अपलोड कर रहे हैं। हमारा काम चल



रहा है ताकि कोई गाँव, कोई नाम, कोई मतदाता मतदान से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि यह मसौदा मतदाता सूची थी। यह अंतिम मतदाता सूची नहीं थी। तकनीकी दिक्कतों के कारण जो कुछ रह गया होगा, उसे अब ठीक करने का मौका है। प्रशासन का कहना है कि अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने से पहले, हम गायब हिस्से को नए सिरे से अपलोड कर रहे हैं।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालक पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई

## बाजार में दिवाली की भीड़ के बीच यातायात विभाग की सतर्कता

**वर्धा.**

दिवाली पर्व के चलते शहर के बाजारों में भारी भीड़ देखी जा रही है। ऐसी स्थिति में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन के निर्देशानुसार शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष यातायात नियंत्रण व्यवस्था लागू की गई है।

इसी क्रम में दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे ट्रैफिक पुलिस के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक मंगेश येलने बजाज चौक पर ड्यूटी पर थे। उस समय एक हाइड्रा वाहन चालक ने अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सिग्नल पार किया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर एक अन्य स्विफ्ट कार से जा टकराया।




मौके पर चालक को रोका गया और पूछताछ में पता चला कि वह शराब के नशे में था। मेडिकल जांच में भी यह पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने हाइड्रा वाहन के चालक संदीप मधुकर मंगरुलकर (35 वर्ष), निवासी बोरगांव मेघे, जिला वर्धा के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की। साथ ही उक्त वाहन को जब्त किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन के मार्गदर्शन में एएसआई मंगेश येलने, पुलिस हवालदार आशीष देशमुख एवं पुलिस हवालदार मुन्ना तिवारी द्वारा की गई। इस संदर्भ में यातायात पुलिस निरीक्षक विलास पाटिल ने नागरिकों से अपील की है कि “दिवाली के अवसर पर खुशियाँ मनाएँ, लेकिन शराब पीकर वाहन न चलाएँ। स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।”

# देवली शहर में आधुनिक पुलिसिंग का शुभारंभ

## पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने किया सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का लोकार्पण

## फोरेंसिक वैन और बसों का भी वितरण, नागरिकों को लौटाई गई चोरी की संपत्ति

**देवली.**

देवली शहर ने आज सुरक्षा और तकनीकी उन्नति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। वर्धा जिला पुलिस बल द्वारा आयोजित भव्य समारोह में महाराष्ट्र राज्य के गृह राज्यमंत्री (ग्रामीण) एवं वर्धा जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने देवली शहर में नवीनतम सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का लोकार्पण किया। इसी कार्यक्रम में फोरेंसिक वैन और पुलिस बसों का वितरण तथा शिकायतकर्ताओं को चोरी की संपत्ति लौटाने का उपक्रम भी संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलगांव-देवली विधानसभा के विधायक राजेश बकाने ने की। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामदास तड़स, हिंगन

घाट विधायक समीर कुणावार, जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, राहुल चोपड़ा, जनप्रतिनिधि,



पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

डॉ. भोयर ने अपने उद्बोधन में कहा कि, “राज्य सरकार पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। देवली में शुरू की गई सीसीटीवी परियोजना नागरिकों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह पहल ‘स्मार्ट और सुरक्षित महाराष्ट्र’ के विजन को सशक्त बनाएगी।”

उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक कैमरों की मदद से देवली के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी दफ्तरों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा सकेगी। इससे अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अभूतपूर्व सुधार होगा।

विधायक राजेश बकाने ने इस परियोजना को देवली के विकास का नया अध्याय बताते हुए कहा “शहर के बढ़ते विस्तार और औद्योगिक गतिविधियों के मद्देनज़र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीसीटीवी प्रणाली, फोरेंसिक वैन और नई बसों से पुलिस बल और अधिक सक्षम व तकनीकी रूप से सशक्त बनेगा। हमारा लक्ष्य नागरिकों का विश्वास और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।” कार्यक्रम में वर्धा पुलिस बल को फोरेंसिक वैन और बसें भी प्रदान की गईं। इन वैनों की मदद से अपराध जाँच अब और अधिक वैज्ञानिक, सटीक और तीव्र होगी। डॉ. भोयर ने कहा “फोरेंसिक तकनीक आधुनिक पुलिसिंग की आत्मा है। इन वैनों से जांच प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनेगी। सरकार ‘जनता का विश्वास, पुलिस की ताकत’ के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।”

इस अवसर पर चोरी की संपत्ति नागरिकों को लौटाकर पुलिस प्रशासन ने मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इससे लोगों का पुलिस के प्रति भरोसा और आत्मीयता दोनों बढ़ी है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरा कि देवली अब एक “स्मार्ट, सुरक्षित और सशक्त शहर” बनने की दिशा में अग्रसर है, जहाँ तकनीक, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का समन्वय नागरिकों की सुरक्षा और विश्वास की मजबूत नींव रख रहा है।

# आखिर हो गया पांच महीने से लंबित फैसला

## तांबे बने रहेंगे पुलिस अधीक्षक, कैट ने मामला किया खारिज

**बुलढाणा.**

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने बुलढाणा जिला पुलिस अधीक्षक पद से स्थानांतरण आदेश के खिलाफ विश्व पानसरे द्वारा दायर याचिका पर 8 सितंबर को सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कैट ने मामले को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि नीलेश तांबे पुलिस अधीक्षक पद पर बने रहेंगे। इसके साथ ही, पिछले पांच महीनों से चल रहा यह मामला अब समाप्त हो गया है।

धनतेरस की पूर्व संध्या पर आए इस फैसले से तांबे को भी राहत मिली है। पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने अमरावती एसआरपीएफ ग्रुप क्रमांक 9 में अपने तबादले के आदेश के खिलाफ 22 मई को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था और तबादले पर रोक लगवा ली थी। उनकी जगह नीलेश तांबे को पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। पानसरे ने मात्र नौ महीनों में तबादला कैसे हो गया, इस मुद्दे को लेकर कैट का दरवाजा खटखटाया था। यह मामला न्यायमूर्ति रंजीत मोरे (कैट के अध्यक्ष) की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए लाया गया था।

उस समय, चारों प्रतिवादियों को नोटिस भेजे गए थे। इस बीच, लगभग आठ से नौ सुनवाई हो चुकी थीं, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा। बाद में, जब कैट ने स्वयं ही पूर्व में लगाई गई रोक हटा ली, तो मामले की दिशा उसी समय स्पष्ट हो गई। पुलिस प्रशासन को भी इसका अंदाजा हो गया था। इस बीच, 8 सितंबर को एसपी तबादले का मामला फैसले तक लंबित रखा गया। फिर, कल, 17 अक्टूबर को दोपहर लगभग 3 बजे, कैट ने इस मामले को खारिज कर दिया और नीलेश तांबे को पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त करने की हरी झंडी दे दी। नतीजतन, पिछले पाँच महीनों से चल रहा यह मामला आखिरकार सुलझ गया है। यह स्पष्ट है कि तांबे अब धनतेरस से बुलढाणा जिले में अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

इस मामले में, राज्य सरकार के गृह विभाग के विशेष लोक अभियोजक और कानूनी सलाहकार एडवोकेट डॉ. विनय मासुरकर ने सरकार की ओर से पूरी ताकत से यह केस लड़ा।

अनुभवी और कानून की पेचीदगियों से वाकिफ मासुरकर ने गृह विभाग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एडवोकेट राज पुरोहित ने नीलेश तांबे की ओर से काम किया।

# बाज़ार में टिकनेवाले उत्पाद बनाएं: पालकमंत्री डॉ. भोयर

## वर्धा में दिवाली फराल महोत्सव का शुभारंभ; महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

**वर्धा.**

“स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पाद ऐसे होने चाहिए जो गुणवत्ता में उत्कृष्ट हों और बाज़ार में लंबे समय तक टिक सकें,” ऐसा संदेश देते हुए पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि इन उत्पादों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है।

बस स्टेशन क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (उमेद) और जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित “वर्धा दिवाली फराल महोत्सव” का उद्घाटन शनिवार को डॉ. भोयर के हाथों संपन्न हुआ। यह महोत्सव पाँच दिनों तक चलेगा। इस अवसर




पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूरज गोहाड, परियोजना निदेशक वैशाली रसाल, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी अमोल भोसले, तथा परिवहन विभाग की अधिकारी स्वाति तांबे प्रमुखता से उपस्थित थीं। पालकमंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि “उमेद अभियान के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य बड़े स्तर पर जारी है। अब आवश्यक है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए वस्तुओं का निर्माण करें और अपने उत्पादों की गुणवत्ता और मूल्य दोनों को बनाए रखें। साथ ही, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं।”कार्यक्रम के दौरान डॉ. भोयर ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिला उद्यमियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर वैशाली रसाल ने कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि संचालन मिलिंद झामरे ने किया। नीरज नखाते (जिला कार्यक्रम प्रबंधक, उमेद) ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, स्थानीय नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे, जिससे पूरे परिसर में दिवाली उत्सव और महिला सशक्तिकरण का उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

# उमरखेड़ तहसील के नागपुर-तुलजापुर हाईवे पर बड़ा हादसा

## तेज़ रफ़्तार कार ने टू-व्हीलर को मारी टक्कर, एक की मौत

**यवतमाल.**

तेज़ रफ़्तार कार ने टू-व्हीलर पर सवार कपल को टक्कर मार दी, जिससे 50 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे नागपुर-तुलजापुर हाईवे पर चिल्ली गांव के पास हुई। मरने वाली महिला की पहचान उमरखेड़ के सुकली की रहने वाली अकिला बी अमीर बेग मिर्ज़ा (उम्र 50) के तौर पर हुई है और उनके पति अमीर बेग मिर्ज़ा (उम्र 58) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस मामले में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब कपल टू-व्हीलर पर नंदगवहन की ओर जा रहे थे, तो दूसरी तरफ से आ रही एक मारुति सुजुकी कार ने उन्हें आमने-सामने टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक डिवाइडर के ऊपर जा गिरी, जिससे बाइक पर बैठी अकिला बी के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति अमीरबेग मिर्ज़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर उमरखेड़ पुलिस मौके पर पहुंची, जांच की और गंभीर रूप से घायल और मृतक को सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पहुंचाया। आगे की जांच थानेदार शंकर पांचाल, पीएसआई मुंडे कर रहे हैं। इस मामले में मृतक के बेटे इब्राहिम बेग की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# घुग्घुस पुलिस ने की दीपावली पर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील

**घुग्घुस.**

दीपावली के त्योहार के अवसर पर घुग्घुस पुलिस स्टेशन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। थानेदार प्रकाश पुरुषोत्तम राउत ने बताया कि त्योहार के दौरान कई नागरिक अपने घरों को बंद करके बाहर शहर या पर्यटन स्थलों की यात्रा पर जाते हैं, जिसका फायदा चोर उठाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए नागरिकों को बाहर जाने से पहले पड़ोसियों और पुलिस को सूचित करना चाहिए। थानेदार राउत ने नागरिकों को कीमती सामान और नकदी घर में न रखने की सलाह दी और बैंक लॉकर का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि चोर दिन या रात में बंद घरों की रेकी कर चोरी कर सकते हैं।




यात्रा के दौरान भी नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस ने चेतावनी दी कि अनजान व्यक्ति बातचीत में उलझाकर गहने या धन की चोरी कर सकते हैं। विशेष रूप से महिलाओं को यात्रा के दौरान कीमती गहने पहनने से बचने की सलाह दी गई है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गहने पहनने से सुरक्षा जोखिम बढ़ सकता है। थानेदार राउत ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सावधानी और सतर्कता बरतें ताकि दीपावली का त्योहार सुरक्षित और खुशहाल तरीके से मनाया जा सके। उन्होंने अधिक जानकारी या किसी सुरक्षा शिकायत के लिए सीधे घुग्घुस पुलिस स्टेशन से संपर्क करने की भी सलाह दी। घुग्घुस पुलिस की यह पहल नागरिकों की सुरक्षा और त्योहार के समय चोरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

# कानगांव सर्कल में अनुसूचित जनजातियों के साथ चार दशकों से अन्याय!

## हर बार होती है, साजिश या अनदेखी?

**मोझरी (शे).**

कानगांव सर्कल में रहने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों ने आरक्षण प्रक्रिया में लगातार हो रही उपेक्षा के खिलाफ आवाज उठाई है। आरोप है कि पिछले चार दशकों से कानगांव और खानगांव गुट में ज़िला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कोई पद आरक्षित नहीं किया गया है।

हाल ही में ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए आरक्षण लॉटरी निकाली गई थी, जिसके बाद वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी समाज संगठन, कानगांव सर्कल के प्रतिनिधि गणेश उइके ने इस अन्याय के खिलाफ जिला कलेक्टर वर्धा और तहसीलदार हिंगणघाट को लिखित आपत्ति सौंपी है।

उइके ने अपने निवेदन में प्रश्न उठाया है कि जब कानगांव सर्कल में अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं




की संख्या पर्याप्त है, तो पिछले 40 वर्षों से उन्हें प्रतिनिधित्व का अवसर क्यों नहीं दिया गया? यह केवल अनदेखी नहीं, बल्कि योजनाबद्ध साजिश जैसी प्रतीत होती है।

गौरतलब है कि ज़िला परिषद और पंचायत समिति के आरक्षण ड्रा 13 अक्टूबर को घोषित किए गए थे। प्रशासन ने नागरिकों से 17 अक्टूबर तक आपत्तियाँ व सुझाव आमंत्रित किए थे। इसी क्रम में आदिवासी समाज की ओर से यह गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल आरक्षण का मुद्दा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के राजनीतिक हक और सम्मान का सवाल है। चार दशकों से लगातार प्रतिनिधित्व से वंचित रहना उनके प्रति प्रशासनिक उपेक्षा का उदाहरण है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस आपत्ति पर क्या निर्णय लेता है क्या इस बार कानगांव सर्कल के आदिवासियों को न्याय मिलेगा, या एक बार फिर इतिहास खुद को दोहराएगा?

# भारी बारिश से प्रभावित किसानों के लिए राहत पैकेज पर किसान संगठन नाराज, जलाई जीआर की होली

**अकोला.**

राज्य सरकार ने हाल ही में भारी बारिश से प्रभावित किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। लेकिन शरद जोशी द्वारा स्थापित किसान संगठन ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह सहायता किसानों के ज़ख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। इसी पृष्ठभूमि में, किसानों ने राज्य सरकार के इस फैसले का विरोध करते हुए जीआर की होली जलाई। संगठन ने आरोप लगाया है कि सरकार का यह कदम ऐतिहासिक नहीं, बल्कि किसानों में आक्रोश पैदा करने वाला है। उन्होंने बताया कि इस बार दी जा रही सहायता पिछली भारी बारिश के दौरान दी गई सहायता से भी सीमित है।

संगठन ने मांग की है कि दिवाली से पहले किसानों के खातों में प्रति हेक्टेयर डेढ़ लाख रुपये की सहायता सीधे जमा की जाए। अकोला में जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने हुए इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए, सरकार को तुरंत उचित दर पर सहायता की घोषणा करनी चाहिए और उसे सीधे किसानों के खातों में जमा करना चाहिए। संगठन ने भविष्य में आंदोलन को और तेज़ करने की चेतावनी भी दी है।

# वेस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड ने मियावाकी वृक्षारोपण का शुभारंभ किया

## > डीआरसी यूजी माइंस में मियावाकी वृक्षारोपण



**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड चंद्रपुर ने सामाजिक वानिकी प्रभाग, चंद्रपुर के सहयोग से अपनी डीआरसी भूमिगत खदान में एक हेक्टेयर जगह मे मियावाकी वृक्षारोपण परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का उद्देश्य आक्रामक प्रजातियों के स्थान पर देशी वृक्षों के घने वृक्षारोपण द्वारा बंजर भूमि का कायाकल्प करना है, जिससे क्षेत्र का हरित आवरण और पारिस्थितिक लचीलापन मज़बूत होगा।

वृक्षारोपण से पहले, खुली जगह पर अच्छे तरीके से प्रोसोपिस और अवांछित झाड़ियों को साफ़ किया गया, जिससे मियावाकी पद्धति के लिए ज़मीन तैयार हुई—एक सघन, तेज़ी से बढ़ने वाली वृक्षारोपण तकनीक जिसमें कम समय में प्राकृतिक वनों का पुनर्निर्माण करने के लिए देशी प्रजातियों का उपयोग किया जाता है। अधिकारियों ने ज़ोर देकर कहा कि यह परियोजना स्थायी खनन प्रथाओं और इसके व्यापक पर्यावरणीय लक्ष्यों के प्रति डब्ल्यूसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वृक्षारोपण अभियान का औपचारिक उद्घाटन डब्ल्यूसीएल चंद्रपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक हर्षद दातार और सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी बापूजी येले ने किया।

# ....उत्साह



धनतेरस पर रोकड़े ज्वेलर्स के शोरूमों में खरीदारों की भारी भीड़, सोना-चांदी की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह.

# शहर में ट्रैफिक जाम के खिलाफ राकांपा का महापड़ाव

**नागपुर.**

नागपुर शहर में ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या की ओर पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आज राकांपा, नागपुर शहर द्वारा एक महापड़ाव निकाला गया। शहर अध्यक्ष अनिल अहिरकर के नेतृत्व में और कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत शिवणकर द्वारा विशेष रूप से आयोजित यह महापड़ाव माननीय पुलिस उपायुक्त (यातायात) के कार्यालय तक पंहुचा। बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की पुरजोर मांग की। पार्टी ने प्रशासन से समय रहते कदम उठाने की अपील की ताकि नागरिकों का दिवाली का उत्साह ट्रैफिक जाम में न फसें।

मार्च की प्रमुख मांगें और पार्टी का रुख: 1. अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस (दिवाली विशेष 'बल'): शहर के मुख्य बाजारों और व्यस्त चौराहों पर दिवाली की भीड़ को देखते हुए, अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का एक विशेष 'बल' तुरंत तैनात किया जाए। 2. टोल-फ्री नंबर और त्वरित प्रतिक्रिया: नागरिकों को किसी भी यातायात समस्या की सूचना देने के लिए 24/7 टोल-फ्री नंबर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

साथ ही, एक कुशल प्रणाली विकसित करना भी आवश्यक है ताकि शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित तंत्र तुरंत मौके पर पहुंच सके। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए, शहर अध्यक्ष अनिल अहिरकर ने कहा, "यह विशाल मार्च प्रशासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है। नागरिकों का बहुमूल्य समय और त्योहार का आनंद ट्रैफिक जाम में बर्बाद नहीं होना चाहिए। हम 'पूर्ण विराम' की मांग करने आए हैं और अगर दिवाली से पहले इन मांगों पर अमल नहीं किया गया, तो हम आंदोलन को और तेज़ करेंगे।" कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत शिवणकर ने इस भव्य आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, "शहर को एक आधुनिक और तेज़ परिवहन व्यवस्था की आवश्यकता है।

टोल-फ्री नंबर शुरू करना और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना प्राथमिक उपाय हैं, जिन्हें प्रशासन को तुरंत करना चाहिए।" इस बयान को गंभीरता से लेते हुए, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने पुलिस प्रशासन से इन मांगों को जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर पूरा करने की मांग की है।



### वक्तव्य प्रस्तुत करने वाले प्रतिनिधिमंडल में निम्नलिखित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया:

इस बार आनंद सिंह, सुनीता येरने, विशाल खांडेकर, जानबा मस्के, मुकेश रेवतकर, ब्रह्मा मस्के, राजपाल सिंह चौहान, किरण नंदनवार, माधुरी पलिवार, अभिद्दत फले, राकेश घोसीकर, विवेक वानखेड़े, नीलेश बोरकर, मोंटी गंडेचा, काला नायक, राहुल कांबले, मेहबूब पठान, मुमताज बाजी, संतोष भुजाड़े, लक्ष्मीकांत पांडे, संजय जोशी, चंद्रकांत नाइक, नागेश डेडमुथे, दिलीप पलांदुरकर, गोविंद सुत्रावे, रवींद्र वाथ, पुष्पम धानोरकर, तुषार ढाबले, प्रशिक सातपुते, विजय गावंडे, निखिल चाफेकर, शाहजा बाजी, अविनाश पार्डिकर, यशश्री बंसोड़, सागर शिवहरे, अनिकेत प्रजापति, अतुल शेंडे, निसार अली, प्रेम कुमार बत्रा, स्वप्निल दहिवले आदि कार्यालय इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पचिसीया, मोहोड व पालीवाल होंगे सम्मानित

## एनसीसीएल अवार्ड 2025 में शहर की हस्तियों का जलवा

**नागपुर.**

नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स लि. (एसईसीएल) की ओर से प्रतिवर्ष उद्योग, व्यापार एवं सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिष्ठित 'एनसीसीएल अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष एनसीसीएल अवार्ड 2025 के लिए शहर की तीन प्रतिष्ठित हस्तियों का चयन किया गया है, उद्योग क्षेत्र से सचिन पचिसीया, व्यापार क्षेत्र से संजय मोहोड, सेवा क्षेत्र से हिरालाल (हिरू) पालीवाल सम्मान समारोह शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 को शाम 7 बजे,



महाराजबाग क्लब लॉन, सिविल लाइन, नागपुर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि होंगे, डॉ. पंकज राजेश भोयर (राज्य मंत्री – आवास, गृह [ग्रामीण], स्कूल शिक्षा, सहकारिता एवं खान विभाग) तथा शहर के पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार सिंगल (भा.पो.से)। इनके हस्तों से सम्मानित व्यक्तियों को एनसीसीएल अवार्ड 2025 प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य उपस्थित रहेंगे। चेंबर के अध्यक्ष कैलाश जोगानी, सचिव तरुण निर्बाण, निवर्तमान अध्यक्ष गोविंद पसारी, उपाध्यक्ष प्रदीप जाजू, विजय जयस्वाल, कोषाध्यक्ष नाथाभाई पटेल, सह सचिव विवेक मुरारका एवं निखिल काकाणी ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

समारोह के संयोजक हैं वसंतकुमार पालीवाल, जबकि सह संयोजक के रूप में लक्ष्मीकांत अग्रवाल, निखिल काकाणी, महेश बंग, विवेक उखलकर, ललित खेतान और सीए अभिषेक माहेश्वरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से नागपुर के उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र की उपलब्धियों को सम्मानित करने की यह परंपरा एक बार फिर गौरवान्वित होगी।

# धनतेरस पर पूर्व पदाधिकारियों ने शहरवासियों को दी शुभकामनाएं, विकास और सौहार्द की भी अपील

**कामठी.** धनतेरस के पावन और शुभ अवसर पर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व जिजाऊ लाइब्रेरी संस्था वाचनालय अध्यक्ष काशीनाथ प्रधान और पूर्व सभापति नीरज लोणारे ने शुक्रवार सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान नागरिकों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शहर के गणमान्य पूर्व पदाधिकारियों ने सुबह-सुबह ही विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को धनतेरस के साथ-साथ दीपोत्सव की बधाई दी। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। काशीनाथ प्रधान और नीरज लोणारे ने इस अवसर पर शहर के विकास और सभी नागरिकों के कल्याण की भी बात कही। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उत्साह और सौहार्द के साथ इस रोशनी के पर्व को मनाएं। पूर्व उपाध्यक्ष काशीनाथ प्रधान ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है, और हमें समाज में भी सकारात्मकता और सद्भाव का प्रकाश फैलाना चाहिए। वहीं, पूर्व सभापति नीरज लोणारे ने कहा कि त्योहार हमें एकजुटता और प्रेम का संदेश देते हैं। शहरवासियों ने भी अपने पूर्व पदाधिकारियों की इस पहल की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। यह मुलाकातें त्योहार के माहौल में और भी मिठास घोल गईं।

### दिवाली से पहले राशि जारी करने की मांग तेज

# 13,518 किसानों को अब तक नहीं मिला धान का भुगतान

**गोंदिया.** गोंदिया जिले के 13,518 किसान अब भी अपने धान की कीमत के भुगतान से वंचित हैं। खरीफ की फसल तो दूर, इन किसानों ने ग्रीष्मकालीन रबी मौसम 2024-25 के दौरान शासन को धान बेचा था, लेकिन अभी तक इनका भुगतान लंबित है। किसानों ने दिवाली से पहले शेष राशि जारी करने की मांग की है ताकि वे त्योहार उचित ढंग से मना सकें।

जिला मार्केटिंग फेडरेशन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 27 सितंबर 2025 तक 181 सरकारी केंद्रों पर 60,616 किसानों से कुल 25, 13, 273 क्विंटल धान की खरीद की गई। इस धान की कुल कीमत 578.05 करोड़ आंकी गई है। मार्केटिंग फेडरेशन को अभी तक किसानों के भुगतान के लिए 477.08 करोड़ प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 453.29 करोड़ की राशि 47,128 किसानों के खातों में 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन ट्रांसफर की जा चुकी है। हालांकि, अब भी 124.75 करोड़ का भुगतान 13,518 किसानों को किया जाना शेष है। वहीं, प्राप्त शेष 23.79 करोड़ की राशि से प्रति दिन कुछ किसानों को भुगतान जारी है।

जिला मार्केटिंग अधिकारी विवेक इंगले ने जानकारी दी कि शासन से अब भी 100.96 करोड़ का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया: "जैसे ही शेष राशि शासन से प्राप्त होगी, संबंधित किसानों के खातों में तुरंत भुगतान कर दिया जाएगा।" ध्यान देने वाली बात यह है कि ये किसान कई महीनों से अपनी ही उपज का पैसा पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। भुगतान न मिलने से त्योहारी खरीदारी, कर्ज चुकाना और कृषि निवेश जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं अधर में लटक गई हैं। किसानों ने सरकार से मांग की है कि दिवाली से पहले सभी लंबित भुगतान किए जाएं, भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, और आवंटन में हो रही देरी पर स्पष्टता प्रदान की जाए।

# 'स्वास्थ्य वाटिका' का विशेषांक हुआ विमोचित

## धन्वंतरि जयंती पर जीकुमार आरोग्यधाम में भव्य आयोजन

**नागपुर.**

गुरु हरिकिशन मार्ग स्थित जीकुमार आरोग्यधाम में धन्वंतरि जयंती का आयोजन उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि की पूजन-अर्चना के साथ हुई, जिसमें सुबह 6 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्री कलगीधर सत्संग मंडल के संयोजक दादा माधवदास ममतानी ने भगवान धन्वंतरि को परमात्मा द्वारा भेजे गए विष्णु के सत्रहवें अवतार के रूप में वर्णित करते हुए कहा, 'आयुर्वेद परमात्मा द्वारा भेजी गई श्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति है, जो आज भी मानव कल्याण का सर्वोत्तम माध्यम है।' 'स्वास्थ्य वाटिका' का विशेषांक विमोचित, इस अवसर पर 'स्वास्थ्य वाटिका' पत्रिका का 'लाइफस्टाइल जन्य रोग विशेषांक' भी विमोचित किया गया।




इस विशेषांक में कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, मोटापा, थायरॉइड, पीसीओडी, डायबिटीज, हृदय रोग, किडनी रोग, मानसिक विकारों सहित अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों के आयुर्वेदिक समाधान को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। पत्रिका की संपादिका डॉ. अजू ममतानी ने जानकारी दी कि यह विशेषांक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला उपयोगी प्रकाशन है। प्रबंध संपादक डॉ. जी.एम. ममतानी ने बताया कि मात्र 50 की यह पत्रिका देशभर के प्रमुख बुकस्टॉल्स पर उपलब्ध है और ऑनलाइन www. swasthyavatika.कॉम से भी खरीदी जा सकती है। गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति, इस समारोह में कई प्रमुख गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें विधायक कृष्णा खोपड़े, गजानन निमदेवे (लोकायुक्त विभाग), वीरेन्द्र कुकरेजा (भाजपा व्यापार आघाड़ी अध्यक्ष), श्रीधर गाडगे (आरएसएस सह प्रांत प्रमुख), महंत डॉ. रामचरण दुबे, डॉ. निलेश अग्रवाल, अनिल भारद्वाज, अमोल ठाकरे, दीपेन अग्रवाल, महेंद्र धनविजय आदि शामिल थे।

इसके अतिरिक्त समारोह में विधायक डॉ. नितिन राऊत, जयप्रकाश गुप्ता, सुरेश जग्यासी, डॉ. विंकी रूघवानी, संजय जयसवाल, नीलिमा बावने, विवेक जोशी, महेश साधवानी, डॉ. रिचा जैन सहित शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरकिशन ममतानी ने किया और अंत में डॉ. ममतानी दंपति ने सभी अतिथियों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समापन पर उपस्थित सभी को 'स्वास्थ्य वाटिका' पत्रिका और अल्पाहार भी प्रदान किया गया।

# अवैध गुटखा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार



**गोंदिया.** रेलवे सुरक्षा बल नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के निर्देशन में पोस्ट प्रभारी गोंदिया के नेतृत्व में चोरी रोकथाम के लिए गठित मंडल टास्क टीम के सहायक उप निरीक्षक के.के. निकोडे, प्र.आ. आर.सी. कटरे, प्र.आ. राजेन्द्र रायकवार, आ. वी.के. कुशवाहा गोंदिया पोस्ट और सीआईबी ने 16.30 बजे चैकिंग के दौरान संदेह के आधार पर रेलवे स्टेशन गोंदिया के प्लेटफार्म क्र. 01 के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में दो व्यक्तियों को खाकी रंग के दो और तीन बड़े बैग के साथ पकड़ा. उनकी तलाशी लेने पर गुटखा पान मसाला तंबाकू जैसा पदार्थ पाया गया.

आरोपियों में चंद्रकांत केवलराम ठाकरे (46) देसाईगंज वडसा (गड़चिरोली) व प्रमोद कृष्ण दहीवले (45) निलज, अर्जुनी मोरगांव (गोंदिया) निवासी का समावेश है.

उचित कानूनी कार्रवाई के लिए शहर पुलिस गोंदिया से समन्वय कर अपराध शाखा के सहायक उन निरीक्षक भाटिया, हवालदार रहांगडाले, सिपाही रावते और बारेवाल को मौके पर बुलाकर उक्त आरोपी को खाकी रंग के दो और तीन बड़े बैग जिसमें क्रमशः होला हुक्का तंबाकू 5 बड़े पैकेट कीमत 5000 रु., ईगल हुक्का तंबाकू 5 बड़े पैकेट कीमत 4250 रु., पान पराग गुटका 5 बड़ा पैकेट कीमत 200 रु., माजा हुक्का तंबाकू 3 बड़े पैकेट कीमत 2850 रु. ऐसे कुल 12300 रु. और दुसरे आरोपी के पास 13200 रु. का माल होना पाया. जिसे शहर पुलिस गोंदिया द्वारा आरोपियों से जप्त कर मामला दर्ज किया गया.

### 3.43 लाख का नकली तेल जब्त

# दिवाली पर मिलावटी मिठाइयों पर एफडीए की पैनी नजर

**गोंदिया.** दिवाली जैसे बड़े त्योहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) सतर्क हो गया है। प्रशासन ने जिलेभर में विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया है, जिसके तहत मिठाई, नमकीन, खोवा, मेवा, घी और तेल जैसे खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। अब तक की गई कार्रवाई में गोंदिया जिले की 8 दुकानों पर छापेमारी की गई है और संदेहास्पद खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। इस अभियान के दौरान 3.43 लाख मूल्य का नकली खाद्य तेल भी जब्त किया गया है। दशहरे से दिवाली तक बाजार में मिठाई और नमकीन का कारोबार करोड़ों रुपये में पहुंच जाता है। इस दौरान खोवा, चीनी, बेसन, तेल-घी जैसे सामग्रियों की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे मिलावटखोरी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सहायक आयुक्त (एफडीए) दहातोंडे ने बताया कि मिलावट की पहचान करना आम नागरिकों के लिए कठिन हो सकता है, इसलिए विभाग सक्रिय रूप से खाद्य नमूनों की जांच कर रहा है। एफडीए ने उपभोक्ताओं से सावधानी बरतने और जागरूकता की अपील की है: खुली मिठाई या खाद्य पदार्थ न खरीदें, सस्ते ऑफर्स के झांसे में न आएं, रसीद जरूर लें और ब्रांडेड उत्पाद ही चुनें, पैकेट पर बैच नंबर और उत्पादन तिथि जरूर देखें, मिठाई पर लगी चांदी की पन्नी को उंगलियों से रगड़कर जांचें यदि वह आसानी से न निकले या काली न हो, तो वह नकली एल्युमीनियम की हो सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट का संदेह हो तो उपभोक्ता तुरंत खाद्य एवं औषधि प्रशासन को शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# गांव के विद्या मंदिरों को दान देना जरुरी: विजयकुमार ठेंगेकर

**आर्णी.** ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए धार्मिक दानधर्म के साथ ही गांव के विद्यामंदिरों (स्कूलों) के लिए भी दान करना बेहद जरुरी है. इस आशय का प्रतिपादन अंबोडा ग्रामपंचायत के ग्रामपंचायत अधिकारी विजयकुमार ठेंगेकर ने किया। केलझरा कोमटी में जिला परिषद स्कूल में हाल ही में शिक्षामित्र दिनेश राठोड के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में वह बोल रहे थे। आर्णी तहसील के अंतर्गत आने वाले केलझरा कोमटी में शिक्षामित्र दिनेश राठोड ने अपने जन्मदिन पर अनावश्यक खर्च न करते हुए स्थानीय जिला परिषद स्कूल के विद्यार्थियों को शालेय सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर स्कूल परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए अशोका और पाम वृक्षों का रोपण कर ट्री गार्ड भी लगाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबोडा ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी विजयकुमार ठेंगेकर ने की वहीं प्रमुख अतिथी के तौर पर रिलायंस फाउंडेशन और विकासगंगा समाजसेवी संस्था घाटंजी के वैभव गायकी, शाला शिक्षण समिति अध्यक्ष बंडू मडावी, उपाध्यक्ष विष्णु पवार, मुख्याध्यापक रितेश काकडे सर, कैलास कदम सर, ग्रा. पंचायत सदस्या बेबीताई जाधव, पूर्व उपसरपंच यशोदा पवार, ग्रामपंचायत कर्मचारी अर्जुन जाधव, सागर जाधव, पवन चव्हाण, अनिकेत राठोड, विकास जाधव, रामचंद्र जोगमोडे, आकाश कापसे, विक्रम वल्लेवाड, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश राठोड आदि मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक सागर जाधव ने पेश किया वहीं सूत्रसंचालन रितेश काकडे ने और आभार प्रदर्शन कैलास कदम ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक तथा प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.



# मतदाता सूची में फर्जी नामों की एंट्री से हड़कंप

**गोंदिया.** आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर गोंदिया जिले में तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बीच वार्डवार प्रकाशित मतदाता सूचियों में फर्जी नामों की मौजूदगी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों और संभावित उम्मीदवारों ने संदेहास्पद नामों की सूची में उपस्थिति पर आश्चर्य जताया है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था और वर्तमान में आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं। लेकिन, गोंदिया, तिरोड़ा नगर परिषद तथा सालेकसा व गोरेगांव नगर पंचायतों में मतदाता सूची के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि कई ऐसे नाम सूची में दर्ज हैं, जो न तो स्थानीय निवासी हैं, न ही कभी वार्ड में देखे गए हैं। किरायेदारों और बाहरी लोगों के नाम भी सूची में, कई वार्डों में किरायेदारों और अज्ञात व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल पाए गए.

# रेल परिसरों को अस्वच्छ करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई

**गोंदिया.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता व रेल परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों के बीच लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं. इन अभियानों के तहत रेलवे परिसरों, प्लेटफार्मों व ट्रेनों में गंदगी फैलाने, कचरा फेंकने अथवा अन्य प्रकार से रेल परिसरों को अस्वच्छ करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत सितंबर 2024 से सितंबर 2025 की अवधि के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कुल 7177 प्रकरणों में कार्रवाई की गई.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 349-6 | 479-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 189-8 | 690-5 |

# 'लाड़ली बहन' योजना की ई-केवाईसी बनी महिलाओं के लिए सिरदर्द

### वेबसाइट और ओटीपी से जुड़ी दिक्कतें जारी

**गोंदिया.** मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना के तहत हर लाभार्थी महिला के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है. ई-केवाईसी के लिए लाड़ली बहनों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं. वेबसाइट पर बार-बार गड़बड़ियां आ रही हैं और ओटीपी नहीं मिलने से लाड़ली बहनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. राज्य सरकार ने ई-केवाईसी के जरिए पात्र लाभार्थी महिलाओं का सत्यापन शुरू कर दिया है. इसके लिए राज्य भर में लाखों महिलाओं ने लाड़ली बहन योजना में पंजीकरण कराया है. अब सरकार ने केवाईसी के लिए दो महीने की समय सीमा दी है. इसमें ई-केवाईसी के हर स्तर के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है. लेकिन, वेबसाइट के सुचारू रूप से न चलने की कई शिकायतें बढ़ी हैं. ई-केवाईसी वेबसाइट पर क्लिक करने पर उसे शुरू होने में



काफी समय लगता है. अगर किसी तरह शुरू भी हो जाए, तो बगल से ओटीपी भेजे जाने पर मोबाइल पर ओटीपी नहीं आता. इसलिए कई महिलाएं घंटों ओटीपी के इंतजार में मोबाइल लेकर बैठी रहती हैं. इससे लाड़ली बहनों को असुविधा हो रही है. यदि लाभार्थी बहन के मोबाइल पर अनजाने में ओटीपी आ जाए, तो वह उसे कहां दर्ज करें? यह सवाल किया जा रहा है. वेबसाइट पर ओटीपी दर्ज करने के लिए कोई बॉक्स उपलब्ध नहीं है. इस कारण लाड़ली बहनों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. महिलाओं को ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने में देरी का सामना करना पड़ रहा है. ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान ओटीपी न आने की शिकायतें भी बड़ी संख्या में आ रही हैं, और लाड़ली बहनें इस समस्या का समाधान करने, प्रक्रिया को सरल बनाने और ई-केवाईसी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रही हैं. ई-केवाईसी प्रक्रिया में तकनीकी समस्याओं के कारण बाधा आने की शिकायतें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. क्योंकि यह वेबसाइट दिन में नहीं, बल्कि केवल रात में ही चलती है, इसलिए लाड़ली बहनें रात भर जाग रही हैं. महिलाएं इस प्रक्रिया में कई तकनीकी कठिनाइयों की शिकायत कर रही हैं.